UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 8 महावीर स्वामी (महान व्यक्तित्व)

अभ्यास-प्रश्न

प्रश्न 1:
महावीर स्वामी का जन्म कब हुआ? इनके माता-पिता कौन थे?
उत्तर:
महावीर स्वामी का जन्म 599 ईसा पूर्व वैशाली (उत्तरी बिहार) के अन्तर्गत कुन्डग्राम में एक क्षत्रिय परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम सिद्धार्थ तथा माता का नाम त्रिशला देवी था।

प्रश्न 2:
महावीर स्वामी के बाल जीवन के क्या अनुभव थे?
उत्तर:
कठोर तपस्या से ही मन में छिपे काम, क्रोध, लोभ, मद तथा मोह को समाप्त किया जा सकता है। यही महावीर स्वामी के बाल जीवन का अनुभव था।

प्रश्न 3:
इन्हें महावीर क्यों कहा जाने लगा?
उत्तर:
कठोर तपस्या के कष्टों को सफलतापूर्वक झेलने तथा इन्द्रियों को अपने वश में कर लेने के कारण इन्हें 'महावीर' कहा जाने लगी।

प्रश्न 4:
वर्धमान की वेदना के कौन-कौन से मुख्य कारण थे?
उत्तर:
समाज में प्रचलित आडम्बर, ऊँच-नीचे की भावना, चरित्र-पतन तथा जीव हत्या वर्धमान क्री वेदना के मुख्य कारण थे। ”

प्रश्न 5:
जैन धर्म की मुख्य बातों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।
उत्तर:
जैन धर्म की मुख्य बातें मनुष्य को मोक्ष-मार्ग पर ले जाती हैं। इन्हें ही जैन धर्म में 'त्रिरत्न' कहा गया है। ये हैं- सम्यक् दर्शन (सही बात पर विश्वास), सम्यक् ज्ञान (सही बात का ज्ञान) तथा सम्यक् चरित्र (उचित कर्म)।।

प्रश्न 6:
सही कथन के सामने सही **(✓)** तथा गलत कथन के सामने गलत **(✗)** का निशान लगाएँ
(क) महावीर स्वामी जैन धर्म के प्रचारक थे। **(✓)**
(ख) दुख जीतने का मार्ग दिखाने वाले को तीर्थंकर कहते हैं। **(✓)**
(ग) सम्यक खेती, सम्यक ज्ञान, सम्यक चरित्र जैन धर्म के त्रिरत्न हैं। **(✓)**
(घ) महावीर स्वामी के बचपन का नाम सिद्धार्थ था। **(✗)**

https://www.evidyarthi.in/